# बिहार लोक सेवा आयोग
# 65वीं प्रारंभिक परीक्षा-2019
# मॉडल पेपर-1 (सामान्य अध्ययन)

**समय: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 150**

1. भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने वाली संविधान सभा के सदस्यों को-
   (A) ब्रिटिश संसद द्वारा नामित किया गया।
   (B) गवर्नर-जनरल द्वारा नामित किया गया।
   (C) विभिन्न प्रांतों की विधानसभाओं द्वारा चुना गया।
   (D) भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस और मुस्लिम लीग द्वारा चुना गया।
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
2. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत लोकसभा में आंग्ल-भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व का प्रावधान है?
   (A) अनुच्छेद 330 (B) अनुच्छेद 331
   (C) अनुच्छेद 332 (D) अनुच्छेद 333
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
3. राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को उसके पद से हटाने की शक्ति किसे प्राप्त है?
   (A) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष
   (B) राज्य के राज्यपाल
   (C) भारत के राष्ट्रपति
   (D) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
4. भारतीय संविधान भारत के राष्ट्रपति को अधिकार नहीं देता है-
   (A) प्रधानमंत्री की नियुक्ति का
   (B) राज्यों के मुख्यमंत्री की नियुक्ति का
   (C) रक्षा बलों का सर्वोच्च कमांडर होने का
   (D) देश के किसी भाग में आपातकालीन स्थिति लागू करने का
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
5. राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिये क्या आवश्यक नहीं है?
   (A) आयु 35 वर्ष हो
   (B) भारत का नागरिक हो
   (C) लोकसभा का सदस्य निर्वाचित होने की योग्यता रखता हो
   (D) वह स्नातक हो
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
6. निम्न में से मूल कर्त्तव्यों की सूची में क्या शामिल नहीं है?
   (A) संविधान का पालन करना और राष्ट्र ध्वज एवं राष्ट्रगान का आदर करना
   (B) बड़े-बुजुर्गों का सम्मान और उनकी सेवा करना
   (C) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखना
   (D) वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भावना का विकास करना
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
7. संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत कितने प्रकार के संविधान संशोधन का प्रावधान है?
   (A) दो (B) तीन
   (C) चार (D) पाँच
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
8. असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम राज्यों के जनजाति क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में प्रावधान किस अनुसूची में हैं?
   (A) तीसरी अनुसूची
   (B) चौथी अनुसूची
   (C) पाँचवी अनुसूची
   (D) छठवीं अनुसूची
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
9. क्षेत्रीय परिषद का अध्यक्ष कौन होता है?
   (A) केंद्रीय गृह मंत्री (B) प्रधानमंत्री
   (C) राष्ट्रपति (D) राज्यों के राज्यपाल
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
10. भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति के समय-
    (A) ज़रूरी नहीं है कि वह संसद के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य हो, परंतु उसे छः माह के अंदर आवश्यक रूप से दोनों में से एक सदन का सदस्य हो जाना चाहिये।
    (B) ज़रूरी नहीं है कि वह संसद के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य हो, परंतु उसे छः माह के अंदर लोकसभा का सदस्य हो जाना चाहिये।
    (C) संसद के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य होना चाहिये।
    (D) आवश्यक रूप से लोकसभा का सदस्य होना चाहिये।
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
11. भारत के राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र किसको संबोधित करके देते हैं?
    (A) लोकसभा अध्यक्ष
    (B) उपराष्ट्रपति
    (C) प्रधानमंत्री
    (D) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
12. लोकलेखा समिति में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों की संख्या क्रमशः कितनी हैं?
    (A) 14 और 8 (B) 13 और 9
    (C) 15 और 7 (D) 20 और 2
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

13. निम्नलिखित में से संसद की किस समिति में सदस्यों की संख्या सर्वाधिक होती है?
(A) सार्वजनिक उद्यम समिति
(B) लोक लेखा समिति
(C) सरकारी आश्वासन समिति
(D) प्राक्कलन समिति
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

14. बिहार में संसद सदस्यों की संख्या कितनी है?
(A) 40 (B) 36
(C) 56 (D) 66
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

15. भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में इनमें से कौन सर्वोच्च है?
(A) सर्वोच्च न्यायालय (B) संविधान
(C) संसद (D) राष्ट्रपति
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

16. द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन हुआ था-
(A) राजगृह (B) वैशाली
(C) पाटलिपुत्र (D) कश्मीर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

17. निम्न में से किसने पहले मगध पर शासन किया?
(A) नंद वंश (B) गुप्त वंश
(C) मौर्य वंश (D) हर्यक वंश
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

18. मगध पर शासन करने वाले किस शासक को अमित्रघात की उपाधि दी गई थी?
(A) अशोक (B) बिंबिसार
(C) अजातशत्रु (D) बिंदुसार
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

19. पालवंशीय शासक देवपाल की राजधानी थी-
(A) मुंगेर (B) गया
(C) सारण (D) तिरहुत
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

20. निम्नलिखित में से कौन इल्तुतमिश द्वारा नियुक्त बिहार का सूबेदार था?
(A) बख्तियार खिलजी (B) मलिक जानी
(C) दरिया खाँ (D) नुसरत शाह
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

21. बिहार में डचों ने अपनी पहली व्यापारिक कोठी कहाँ स्थापित थी?
(A) भागलपुर (B) कटिहार
(C) पूर्णिया (D) पटना
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

22. निम्नलिखित में से किस संधि के तहत ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल, बिहार और उड़ीसा की दीवानी प्राप्त हुई?
(A) अमृतसर की संधि (B) इलाहाबाद की संधि
(C) बनारस की संधि (D) बक्सर की संधि
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

23. निम्नलिखित में से किस विद्रोह/आंदोलन को 'उलगुलान' की संज्ञा भी दी जाती है?
(A) संथाल विद्रोह (B) मुण्डा विद्रोह
(C) कोल विद्रोह (D) ताना भगत आंदोलन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

24. खिलाफत आंदोलन का पटना में नेतृत्व किसने किया था?
(A) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (B) मजरूलहक
(C) हसन इमाम (D) श्री कृष्ण सिंह
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

25. निम्नलिखित में से कौन सी नदी कैमूर के पठार को छोटानागपुर के पठार से अलग करती है?
(A) गंगा (B) घाघरा
(C) गण्डक (D) सोन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

26. ककोलत जलप्रपात किस ज़िले में है?
(A) मुंगेर (B) नालंदा
(C) बांका (D) नवादा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

27. त्रिवेणी जलविद्युत परियोजना किस ज़िले में स्थित है?
(A) पूर्वी चंपारण (B) पश्चिमी चंपारण
(C) गोपालगंज (D) सीतामढ़ी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

28. बिहार में सर्वाधिक वन प्रतिशतता वाला ज़िला है-
(A) शेखपुरा (B) रोहतास
(C) कैमूर (D) जहानाबाद
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

29. वर्तमान में बिहार में कुल कितने नगर निगम क्षेत्र हैं?
(A) 8 (B) 10
(C) 12 (D) 14
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

30. निम्नलिखित में से किस ज़िले में चाय की कृषि होती है?
(A) सारण (B) पूर्वी चंपारण
(C) भागलपुर (D) किशनगंज
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

31. 'बिहार में न्यूनतम प्रति व्यक्ति विद्युत खपत वाला ज़िला है-
(A) शेखपुरा (B) गया
(C) नालंदा (D) शिवहर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

32. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल नहीं है?
(A) पटना (B) भागलपुर
(C) बिहारशरीफ (D) सीतामढ़ी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

33. बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की स्थापना कब हुई?
(A) 1972 (B) 1978
(C) 1980 (D) 1984
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

34. पटना स्थित गोलघर का निर्माण कब हुआ?
(A) 1770 (B) 1786
(C) 1792 (D) 1795
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

35. ईश्वरी प्रसाद वर्मा का संबंध किससे है?
(A) पटना कलम शैली
(B) मंजूषा शैली
(C) मधुबनी चित्रकला शैली
(D) पाल कला
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

36. स्वतंत्रता सेनानी बैकुण्ठ शुक्ल का संबंध किस ज़िले से था?
(A) सारण (B) सीतामढ़ी
(C) भागलपुर (D) वैशाली
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

37. बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल फागू चौहान मूलरूप से किस राज्य से संबंधित हैं?
(A) मध्य प्रदेश (B) झारखंड
(C) उत्तर प्रदेश (D) छत्तीसगढ़
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

38. बिहार सरकार द्वारा संपूर्ण क्रांति दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?
(A) 5 जून (B) 12 जुलाई
(C) 28 अगस्त (D) 12 सितंबर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

39. बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई कितनी है?
(A) 4320 कि.मी. (B) 4595 कि.मी.
(C) 4870 कि.मी. (D) 4917 कि.मी.
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

40. न्यूनतम महिला साक्षरता दर वाला ज़िला है-
(A) रोहतास (B) पूर्णिया
(C) कटिहार (D) सहरसा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

41. भारतीय रिज़र्व बैंक का वर्तमान गवर्नर कौन है?
(A) उर्जित पटेल (B) शक्तिकांत दास
(C) एन.एस. विश्वनाथन (D) अरविंद सुब्रमणियन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

42. बारहवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य क्या था?
(A) समावेशी विकास और गरीबी न्यूनीकरण
(B) समावेशी एवं धारणीय विकास
(C) बेरोज़गारी घटाने हेतु धारणीय एवं समावेशी विकास
(D) तीव्रतर, धारणीय एवं ज़्यादा समावेशी विकास
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

43. विश्व व्यापार संगठन कब अस्तित्व में आया?
(A) जनवरी, 1994 (B) जनवरी, 1995
(C) जनवरी, 1996 (D) जनवरी, 1997
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

44. भारत में राष्ट्रीय आय समंको का आकलन किसके द्वारा किया जाता है?
(A) नीति आयोग द्वारा
(B) वित्त आयोग द्वारा
(C) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा
(D) केंद्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

45. किसी अर्थव्यवस्था में ब्याज की दर को घटाने पर अर्थव्यवस्था पर इसका क्या प्रभाव होगा?
(A) अर्थव्यवस्था में उपभोग व्यय घटेगा
(B) सरकार का कर-संग्रह बढ़ेगा
(C) अर्थव्यवस्था में निवेश व्यय बढ़ेगा
(D) अर्थव्यवस्था में कुल बचत में वृद्धि होगी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

46. 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आऊटलुक' नामक प्रकाशन प्रकाशित करता है-
(A) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(B) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(C) विश्व आर्थिक फोरम
(D) विश्व बैंक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

47. 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?
(A) श्री एन.के. सिंह (B) श्री डी.टी. लकड़वाला
(C) श्री वाई.वी. रेड्डी (D) श्री अनूप सिंह
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

48. प्रच्छन्न बेरोज़गारी का सामान्य अर्थ है-
    (A) लोग बड़ी संख्या में बेरोज़गार रहते हैं
    (B) वैकल्पिक रोज़गार उपलब्ध नहीं है
    (C) श्रमिक की सीमांत उत्पादकता शून्य है
    (D) श्रमिकों की उत्पादकता नीची है
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
49. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में 'खुले बाज़ार की प्रक्रिया' किसे निर्दिष्ट करती है?
    (A) अनुसूचित बैंकों द्वारा आर.बी.आई. से ऋण लेना
    (B) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उद्योग और व्यापार क्षेत्रों को ऋण देना
    (C) भुगतान बैंकों द्वारा आर.बी.आई. से ऋण लेना
    (D) आर.बी.आई. द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
50. किसी देश की राष्ट्रीय आय
    (A) नागरिकों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य के बराबर होगी
    (B) कुल उपभोग और निवेश व्यय के योग के बराबर होगी
    (C) सभी व्यक्तियों की वैयक्तिक आय के योग के बराबर होगी
    (D) उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के बराबर होगी
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
51. हाल ही में RBI के द्वारा केंद्र सरकार को कितनी राशि की अधिशेष निधि का हस्तांतरण किया गया है?
    (A) 11.76 लाख करोड़ रुपए
    (B) 2.50 लाख करोड़ रुपए
    (C) 5 लाख करोड़ रुपए
    (D) 1.76 लाख करोड़ रुपए
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
52. किस पेमेंट बैंक द्वारा 'भरोसा बचत खाता' लॉन्च किया गया?
    (A) एयरटेल पेमेंट्स बैंक
    (B) इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक
    (C) जियो पेमेंट्स बैंक
    (D) पेटीएम पेमेंट्स बैंक
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
53. किस संस्था द्वारा स्टार्टअप के लिये एक 'स्टार्टअप सेल' के गठन की घोषणा की गई है?
    (A) नीति आयोग (B) केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड
    (C) वित्त आयोग (D) जीएसटी परिषद
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
54. जलवायु आपातकाल घोषित करने वाला दुनिया का दूसरा देश कौन बना?
    (A) आयरलैंड (B) ब्रिटेन
    (C) सिंगापुर (D) ऑस्ट्रेलिया
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
55. अगस्त 2019 में किस राज्य द्वारा नवीन कृषि नीति का मसौदा जारी किया गया है?
    (A) बिहार (B) ओडिशा
    (C) तमिलनाडु (D) आंध्र प्रदेश
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
56. राडार का आविष्कार किसने किया?
    (A) रॉबर्ट वाटसन (B) फ्लेमिंग
    (C) बुश गल (D) ऑस्टिन
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
57. निम्नलिखित में से कौन-सा मूल तत्त्व है?
    (A) हीरा (B) रेत
    (C) संगमरमर (D) शक्कर
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
58. धूप के चश्मे की पावर होती है-
    (A) 5 डायोप्टर (B) 1 डायोप्टर
    (C) 2 डायोप्टर (D) 0 डायोप्टर
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
59. मृगतृष्णा (मृग मरीचिका) उदाहरण है-
    (A) अपवर्तन का
    (B) पूर्ण आंतरिक परावर्तन का
    (C) विक्षेपण का
    (D) विवर्तन का
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
60. फिलोक्विनोन किस विटामिन का रासायनिक नाम है?
    (A) विटामिन A (B) विटामिन C
    (C) विटामिन E (D) विटामिन K
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
61. अग्न्याशय को पाचक रस के उत्पादक के लिये उत्तेजित करने वाला हॉर्मोन निम्नलिखित में से कौन है?
    (A) रेनिन (B) ट्रिप्सिन
    (C) सिक्रिटिन (D) पेप्सिन
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
62. हरे (कच्चे) फलों को कृत्रिम ढंग से पकाने हेतु प्रयुक्त होता है-
    (A) एसीटिलीन (B) ईथेन
    (C) मिथेन (D) हीलियम
    (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

63. सर्वदाता वह व्यक्ति है, जिसका रुधिर वर्ग होता है-
(A) A (B) B
(C) AB (D) O
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

64. मानव शरीर में विटामिन-ए संचित होता है-
(A) यकृत में (B) आमाशय में
(C) तिल्ली में (D) फेफड़े में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

65. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग मच्छर के काटने से नहीं होता है?
(A) प्लेग (B) पीत ज्वर
(C) मलेरिया (D) डेंगू
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

66. कोबाल्ट-60 का प्रयोग होता है-
(A) मलेरिया के उपचार में
(B) नेत्र रोग में
(C) मस्तिष्क ज्वर के उपचार में
(D) कैंसर के उपचार में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

67. वृक्षों की आयु निर्धारित की जाती है?
(A) उनके भार द्वारा
(B) उनकी ऊँचाई द्वारा
(C) उनमें वार्षिक वलयों की संख्या के आधार पर
(D) उनकी जड़ों की लंबाई द्वारा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

68. सूर्य में ऊर्जा उत्पन्न होती है-
(A) आयनन के द्वारा
(B) नाभिकीय संलयन के द्वारा
(C) नाभिकीय विखंडन के द्वारा
(D) ऑक्सीकरण के द्वारा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

69. निम्न में से कौन अनुचुंबकीय है?
(A) लोहा (B) निकेल
(C) क्रोमियम (D) एल्युमीनियम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

70. फोटोग्राफी में कौन-सा अम्ल प्रयोग किया जाता है?
(A) फार्मिक अम्ल (B) ऑक्जालिक अम्ल
(C) साइट्रिक अम्ल (D) एसीटिक अम्ल
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

71. निम्न में कौन-सा एक प्राकृतिक बहुलक नहीं है?
(A) ऊन (B) रेशम
(C) चमड़ा (D) नाइलॉन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

72. त्वरण की इकाई है-
(A) मीटर/सेकेंड$^2$ (B) मीटर/सेकेंड
(C) न्यूटन (D) जूल
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

73. सेल्सियस और फारेनहाइट थर्मामीटर में दोनों के ताप का प्रक्षेपण समान होगा, यदि ताप का मान-
(A) $0^o$ (B) $32^o$
(C) $62^o$ (D) $-40^o$
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

74. विद्युत बल्ब का तंतु बना होता है-
(A) मैग्नीशियम का (B) लोहा का
(C) नाइक्रोम का (D) टंगस्टन का
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

75. कृत्रिम उपग्रह में विद्युत ऊर्जा का स्रोत होता है-
(A) सौर सेल
(B) डायनेमो
(C) माइक्रो नाभिकीय रिएक्टर
(D) पवन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

76. एक द्वीप पर निर्मित भारत का बड़ा नगर-
(A) पणजी है
(B) रामेश्वरम् है
(C) पोर्ट ब्लेयर है
(D) मुंबई है
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

77. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी मकर रेखा को दो बार काटती है?
(A) कांगो (B) नील
(C) माही (D) लिम्पोपो
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

78. भारत में सर्वाधिक वर्षा मुख्यत: प्राप्त होती है-
(A) उत्तर-पूर्वी मानसून से
(B) वापस होते मानसून से
(C) दक्षिण-पश्चिम मानसून से
(D) संवहनीय वर्षा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

79. सर्वाधिक जैव-विविधता पाई जाती है-
(A) टुण्ड्रा में
(B) शंकुधारी वनों में
(C) उष्णकटिबंधीय वर्षा वन में
(D) शीतोष्ण वनों में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

80. उरी परियोजना किस नदी पर निर्मित है?
(A) चिनाब (B) झेलम
(C) रावी (D) सिंधु
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

81. भारत का सबसे महत्त्वपूर्ण खनिजपूर्ण चट्टान तंत्र है-
(A) कुडप्पा तंत्र (B) धारवाड़ तंत्र
(C) गोंडवाना तंत्र (D) विंध्यन तंत्र
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

82. निम्नलिखित में से कौन-सा सौरमंडल का भाग नहीं है?
(A) क्षुद्र ग्रह (B) धूमकेतु
(C) ग्रह (D) निहारिका
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

83. मौसम बदलने का क्या कारण है?
(A) पृथ्वी का अपनी धुरी पर घूमना एवं सूर्य के चारों ओर घूमना।
(B) पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाना।
(C) पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाना व अपने अक्ष पर झुका होना।
(D) पृथ्वी का अपनी धुरी पर चक्कर लगाना व अपने अक्ष पर झुका होना।
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

84. निम्नलिखित में से कौन-सा एक जलडमरूमध्य अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के सर्वाधिक निकट है?
(A) मलक्का जलडमरूमध्य
(B) बेरिंग जलडमरूमध्य
(C) फ्लोरिडा जलडमरूमध्य
(D) जिब्राल्टर जलडमरूमध्य
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

85. दुर्बलतामंडल कहाँ स्थित है?
(A) मैंटल के निचले भाग में
(B) क्रस्ट के ऊपरी भाग में
(C) कोर के निचले भाग में
(D) मैंटल के ऊपरी भाग में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

86. भूकंप की तीव्रता का मापन किया जाता है-
(A) रिक्टर पैमाने पर (B) केल्विन पैमाने पर
(C) डेसीबल में (D) पास्कल में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

87. आग्नेय चट्टानों के लिये निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य है?
(A) उनमें पुराजीवाश्म बहुत कम होते हैं।
(B) वे जल के लिये सरंध्र होती हैं।
(C) वे क्रिस्टलीय तथा अक्रिस्टलीय दोनों ही होती हैं।
(D) इन चट्टानों में सिलिका नहीं होती है।
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

88. ऑस्ट्रेलिया में स्थित कालगूर्ली किसके लिये विख्यात है?
(A) स्वर्ण उत्पादन (B) उत्तम जलवायु
(C) शिक्षा केंद्र (D) मुर्गी पालन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

89. निम्नांकित में संसार का सर्वाधिक व्यस्त महासागरीय मार्ग कौन-सा है?
(A) हिंद महासागर
(B) उत्तरी अटलांटिक महासागर
(C) दक्षिणी अटलांटिक महासागर
(D) प्रशांत महासागर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

90. पृथ्वी पर सबसे उच्चतम तापक्रम रिकॉर्ड किये जाते हैं-
(A) भूमध्य रेखा पर (B) 10° उत्तरी अक्षांश पर
(C) 20° उत्तरी अक्षांश पर (D) 25° उत्तरी अक्षांश पर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

91. 25 जनवरी, 2019 को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से तीन व्यक्तियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई। निम्नलिखित में से कौन इसमें शामिल नहीं है?
(A) प्रणब मुखर्जी (B) रामनाथ कोविंद
(C) नानाजी देशमुख (D) भूपेन हज़ारिका
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

92. केंद्रीय बजट 2019-20 में अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये समिति बनाने का प्रस्ताव दिया गया। समिति का नाम है-
(A) नारी तुम केवल श्रद्धा हो
(B) नारी तू नारायणी
(C) नारी तू जगत् की सृष्टि
(D) नारी तू महाशक्ति
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

93. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना' की शुरुआत निम्नलिखित में से किस स्थान से की गई?
(A) वस्त्रल (गुजरात) (B) बक्सर (बिहार)
(C) वाराणसी (उत्तर प्रदेश) (D) मंदसौर (मध्य प्रदेश)
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

94. विश्व खुशहाली रिपोर्ट, 2018 में भारत 133वें स्थान पर था। 2019 में भारत की रैंक है-
(A) 117वीं (B) 103वीं
(C) 134वीं (D) 140वीं
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

95. निम्नलिखित में से किस राज्य सरकार ने माँ-बाप की सेवा नहीं करने वाले बच्चों को जेल भेजने का फैसला लिया है?

(A) राजस्थान सरकार (B) बिहार सरकार

(C) छत्तीसगढ़ सरकार (D) उत्तर प्रदेश सरकार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

96. जुलाई 2019 में लोजपा सांसद रामचंद्र पासवान का निधन हो गया, वे कहाँ से वर्तमान सांसद थे?

(A) समस्तीपुर (B) हाजीपुर

(C) मुज़फ्फरपुर (D) भागलपुर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

97. वर्तमान में लोकलेखा समिति का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?

(A) अजय कुमार भल्ला

(B) अधीर रंजन चौधरी

(C) भास्कर खुल्बे

(D) सुनील अरोड़ा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

98. जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम द्वारा केंद्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में कितने केंद्रीय कानून लागू होंगे?

(A) 106 (B) 153

(C) 166 (D) 68

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

99. केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा शिक्षा पर जारी परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स के अनुसार सर्वाधिक साक्षरता दर वाला राज्य है-

(A) केरल (B) चंडीगढ़

(C) बिहार (D) लक्षद्वीप

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

100. अफ्रीकी महाद्वीप में स्थित वह देश, जिसने दिसंबर 2018 में 'गितेगा' को अपनी नई राजधानी घोषित किया है?

(A) चाड (B) सूडान

(C) बुर्किना फासो (D) बुरुंडी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

101. जून 2019 में जी-20 के 14वें शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ-

(A) चीन के बीजिंग शहर में

(B) भारत के मुंबई शहर में

(C) जापान के ओसाका शहर में

(D) सऊदी अरब के रियाद में

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

102. वैश्विक नवाचार सूचकांक, 2019 में भारत की रैंकिंग कितनी है?

(A) 52वीं (B) 57वीं

(C) 61वीं (D) 63वीं

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

103. 22 जुलाई, 2019 को जिस रॉकेट से भारत के चंद्रयान-2 मिशन का प्रक्षेपण किया गया, वह है-

(A) पी.एस.एल.वी.-सी. 46

(B) जी.एस.एल.वी. मार्क-II

(C) जी.एस.एल.वी. मार्क-III

(D) पी.एस.एल.वी.-क्यू.एल.

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

104. राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत देश का पहला पशु प्रजनन उत्कृष्टता केंद्र बिहार के किस ज़िले में स्थापित किया जा रहा है?

(A) पूर्वी चंपारण (B) पश्चिमी चंपारण

(C) मुज़फ्फरपुर (D) नालंदा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

105. 32वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, 2020 का आयोजन निम्नलिखित में से कहाँ प्रस्तावित है?

(A) टोक्यो, जापान (B) पेरिस, फ्राँस

(C) लॉस एंजिल्स, अमेरिका(D) बीजिंग, चीन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

106. उद्योगों में स्थानीय लोगों के लिये 75 प्रतिशत नौकरियों को आरक्षित करने हेतु कानून पारित करने वाला देश का पहला राज्य है-

(A) बिहार (B) आंध्र प्रदेश

(C) छत्तीसगढ़ (D) कर्नाटक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

107. 'वन फेमिली, वन जॉब' योजना निम्नलिखित में से किस राज्य में संचालित है?

(A) सिक्किम (B) उत्तर प्रदेश

(C) बिहार (D) मध्य प्रदेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

108. छात्रों एवं अभिभावकों को महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ प्रेषित करने हेतु नया पॉडकास्ट ऐप 'शिक्षा वाणी' निम्नलिखित में से किस शिक्षा बोर्ड द्वारा लॉन्च किया गया?

(A) इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन

(B) सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन

(C) बिहार स्कूल एक्जामिनेशन बोर्ड

(D) बोर्ड ऑफ हाई स्कूल एंड इंटरमीडिएट एजुकेशन, उत्तर प्रदेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

109. हाल ही में किस देश की सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर बुर्का और नकाब पहनने पर प्रतिबंध लगाया है?
(A) पाकिस्तान (B) श्रीलंका
(C) नीदरलैंड्स (D) सऊदी अरब
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

110. के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला प्रतिष्ठित वार्षिक '28वाँ बिहारी पुरस्कार' निम्नलिखित में से किसे प्रदान किया गया?
(A) मनीषा कुलश्रेष्ठ को (B) राणा दास गुप्ता को
(C) लीलाधर जगूड़ी को (D) प्रियंका दूबे को
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

111. किस राजवंश के शासकों ने 'देवपुत्र' की उपाधि धारण की थी?
(A) मौर्य (B) शक
(C) शुंग (D) कुषाण
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

112. 'कथा सरित्सागर' के लेखक हैं-
(A) कामन्दक (B) सोमेश्वर
(C) सोमदेव (D) राजशेखर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

113. नगरों का क्रमिक पतन किस काल की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता थी?
(A) गुप्तकाल (B) प्रतिहार युग
(C) राष्ट्रकूट (D) सातवाहन युग
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

114. मुंगेर के बरहियाताल विरोध का उद्देश्य क्या था?
(A) बकाश्त भूमि की वापसी की मांग
(B) ज़मींदारी प्रथा की समाप्ति
(C) मुस्लिम किसानों का शोषण बंद हो
(D) वर्ग युद्ध की शुरुआत करना
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

115. निम्नलिखित अखबारों में से कौन-सा मुख्यतया उदारवादियों की नीतियों का प्रचारक था?
(A) यंग इंडिया (B) न्यू इंडिया
(C) फ्री प्रेस जनरल (D) लीडर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

116. उन्नीसवीं शताब्दी के धर्म एवं समाज सुधार आंदोलनों ने जनसंख्या के किस वर्ग को आकर्षित नहीं किया?
(A) निर्धन सर्वसाधारण वर्ग
(B) उदार रजवाड़े
(C) बुद्धिजीवी
(D) नगरीय उच्च जातियाँ
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

117. भारत में नारी-आंदोलन इनकी प्रेरणा से प्रारंभ हुआ-
(A) सरोजिनी नायडू (B) एनी बेसेंट
(C) रमाबाई रानाडे (D) पदमाबाई रानाडे
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

118. राजनीतिक सुधारों को लेकर विरोध करने वाले पहले भारतीय कौन थे?
(A) दादाभाई नौरोजी (B) सुरेंद्रनाथ
(C) बाल गंगाधर तिलक (D) राममोहन राय
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

119. मुगल-मेवाड़ संधि कब हुई?
(A) 1613 ई. (B) 1614 ई.
(C) 1615 ई. (D) 1616 ई.
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

120. निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
(A) भारत परिषद अधिनियम, 1892 - प्रतिनिधि सरकार की शुरुआत
(B) भारत शासन अधिनियम, 1935 - प्रांत में द्वैध शासन
(C) मार्ले-मिंटो सुधार, 1909 - केंद्र में द्वैध शासन
(D) माण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार, 1919- साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

121. 'सुरक्षा प्रकोष्ठ' की नीति संबंधित हैं-
(A) वॉरेन हेस्टिंग्स से (B) लॉर्ड डलहौजी से
(C) हेनरी लॉरेन्स (D) लॉर्ड हेस्टिंग्स से
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

122. 'अभिनव भारत' से कौन संबंधित हैं?
(A) वी.डी. सावरकर (B) सी.आर. दास
(C) एस.सी. बोस (D) बी.जी. तिलक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

123. "कॉन्ग्रेस आंदोलन न तो लोगों द्वारा प्रेरित था, न ही यह उनके द्वारा सोचा या योजनाबद्ध किया गया था।" यह किसने कहा था?
(A) अरबिंद घोष (B) लॉर्ड डफरिन
(C) सर सैय्यद अहमद (D) लॉर्ड कर्जन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

124. निम्नलिखित में से कौन सबसे पूर्वकालिक जैन ग्रंथ कहलाता है?
(A) बारह अंग (B) बारह उपांग
(C) चौदह पूर्व (D) चौदह उपपूर्व
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

125. नालंदा विश्वविद्यालय किस लिये विश्व प्रसिद्ध था?
(A) चिकित्सा विज्ञान (B) तर्कशास्त्र
(C) बौद्ध धर्म दर्शन (D) रसायन विज्ञान
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

126. निम्न में से कौन-सा क्षेत्र अशोक के साम्राज्य में सम्मिलित नहीं था?
(A) कलिंग (B) बिहार
(C) अफगानिस्तान (D) श्रीलंका
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

127. किस शासक वंश ने मंदिरों एवं ब्राह्मणों को सबसे अधिक ग्राम अनुदान में दिया?
(A) पाल (B) प्रतिहार
(C) राष्ट्रकूट (D) गुप्तवंश
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

128. निम्नलिखित में से कौन कल्पसूत्र का भाग नहीं है?
(A) श्रौत सूत्र (B) गृहय सूत्र
(C) धर्म सूत्र (D) भगवती सूत्र
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

129. इनामगाँव ताम्रपाषाण युग की एक बड़ी बस्ती थी। इसका संबंध है-
(A) जोर्वे संस्कृति से (B) क्यथा संस्कृति से
(C) मालवा संस्कृति से (D) अहार संस्कृति से
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

130. हड़प्पाकालीन एकमात्र पुरास्थल, जहाँ से वक्राकार ईंटें मिली हैं-
(A) लोथल (B) बनवाली
(C) कालीबंगा (D) चन्हूदड़ो
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

131. मुगल प्रशासन में 'मुहतस्रिब' था-
(A) विदेश विभाग का मुख्य
(B) लोक आचरण अधिकारी
(C) सेना अधिकारी
(D) पत्र-व्यवहार का अधिकारी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

132. मध्यकाल में बंढाई शब्द का अर्थ था-
(A) संपत्ति कर (B) धन कर
(C) धार्मिक कर (D) लगान निर्धारण का तरीका
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

133. निम्नलिखित में कौन भूमि उत्पाद पर लगने वाले कर को इंगित नहीं करता है?
(A) खराज (B) खुम्स
(C) उश्र (D) मुक्तई
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

134. सल्तनतकाल में 'आरिज़-ए-मुमालिक' संबंधित था-
(A) विदेश विभाग से (B) वित्त विभाग से
(C) रक्षा विभाग से (D) शाही पत्राचार से
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

135. निम्नलिखित में से प्रथम कर्नाटक युद्ध का कौन-सा तात्कालिक कारण था?
(A) अंग्रेज़ और फ्राँसीसियों के बीच प्रतिद्वन्द्विता
(B) ऑस्ट्रिया की राजगद्दी की जंग
(C) कर्नाटक की राजगद्दी का मसला
(D) अंग्रेज़ों द्वारा फ्राँसीसी जहाज़ों का अधिग्रहण
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

136. अंग्रेज़ भारतीय सेना में चर्बी वाले कारतूसों से चलने वाली एनफील्ड राइफल कब शामिल की गई?
(A) नवंबर, 1856 (B) दिसंबर, 1856
(C) जनवरी, 1857 (D) फरवरी, 1857
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

137. किसने 1857 के विद्रोह को एक 'षडयंत्र' की संज्ञा दी?
(A) सर जेम्स आउट्रम और डब्ल्यू टेलर
(B) सर जॉन के
(C) सर जॉन लॉरेन्स
(D) टी.आर. होल्मस
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

138. निम्नलिखित में से किसे 'अतीत और भविष्य के मध्य सेतु' कहा गया?
(A) दयानंद सरस्वती (B) बाल गंगाधर तिलक
(C) राजा राममोहन राय (D) जवाहरलाल नेहरू
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

139. 'निष्क्रिय विरोध' के सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया?
(A) विपिनचंद्र पाल (B) बाल गंगाधर तिलक
(C) महात्मा गांधी (D) अरबिन्द घोष
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

140. निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?
(A) बारदोली सत्याग्रह - सरदार वल्लभ भाई पटेल
(B) भारतीय किसान विद्यालय - गणेश घोष
(C) बंगाल प्रजा पार्टी - फजलुल-हक
(D) बकाश्त संघर्ष - स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

141. अनुक्रम 1, 2, 5........................677 में लुप्त संख्या है-
(A) 26 (B) 37
(C) 126 (D) 217
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

142. $\lim_{x \to 0^+} \frac{1}{1-e^{-1/x}}$ का मान है–
(A) 1 (B) 0
(C) $-\infty$ (D) $\infty$
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

143. दो खंभे समतल भूमि पर खड़े हैं, जिनकी ऊँचाई 6 मी. तथा 11 मी. है। यदि उनके निचले सिरों की भूमि पर दूरी 12 मी. हो तो, उनके सिरों की दूरी क्या होगी?
(A) 16मी. (B) 15मी.
(C) 23मी. (D) 14मी.
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

144. 7 सेमी. अर्द्धव्यास के वृत्त का एक क्षेत्रक 120° का कोण बनाता है। क्षेत्रक का क्षेत्रफल चुनिये–
(A) 51.31सेमी.$^2$
(B) 53.13 सेमी.$^2$
(C) 53.31 सेमी.$^2$
(D) 53.03 सेमी.$^2$
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

145. यदि A एवं B दो समुच्चय ऐसे हैं कि $A \cup B$ में 18, A में 8 एवं B में 15 सदस्य रहें, तो $A \cup B$ के सदस्यों की संख्या चुनें–
(A) 0 (B) 5
(C) 23 (D) 26
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

146. एक वर्ग की परिमिति (4a + 8) इकाई है, तो उस वर्ग का क्षेत्रफल होगा–
(A) $(a^2 + 4a + 4)$ इकाई$^2$ (B) $(b - a - 8)$ इकाई$^2$
(C) $(a + 2 + 4)$ इकाई$^2$ (D) $(4a^2 + a + 4)$ इकाई$^2$
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

147. प्रथम दस अभाज्य संख्याओं का औसत चुनें–
(A) 12.7 (B) 13
(C) 12.9 (D) 12.8
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

148. यदि a : b : c : d हो, तो–
(A) (a + b) : b : (c + d)
(B) (a – b) : b :: (c – d) : d
(C) (a + b + c) : d
(D) (a – b) : b : (d – a)
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

149. यदि y का x%, z का y% हो, तो z बराबर होगा–
(A) x (B) y
(C) x/100 (D) y/100
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

150. एक व्यक्ति 10 रुपए में 11 पुस्तकें खरीदता है एवं 11 रुपए में 10 पुस्तकें बेचता है। उसे कितने प्रतिशत का लाभ होगा?
(A) 12% (B) 12.5%
(C) 21.5% (D) 21%
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

# बिहार लोक सेवा आयोग 65वीं प्रारंभिक परीक्षा-2019

## मॉडल पेपर-1 (सामान्य अध्ययन)

## उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (C) | 39. | (D) | 77. | (D) | 115. | (D) |
| 2. | (B) | 40. | (D) | 78. | (C) | 116. | (B) |
| 3. | (C) | 41. | (B) | 79. | (C) | 117. | (C) |
| 4. | (B) | 42. | (D) | 80. | (B) | 118. | (D) |
| 5. | (D) | 43. | (B) | 81. | (B) | 119. | (C) |
| 6. | (B) | 44. | (D) | 82. | (D) | 120. | (A) |
| 7. | (A) | 45. | (C) | 83. | (D) | 121. | (A) |
| 8. | (D) | 46. | (C) | 84. | (B) | 122. | (A) |
| 9. | (A) | 47. | (A) | 85. | (D) | 123. | (C) |
| 10. | (A) | 48. | (C) | 86. | (A) | 124. | (C) |
| 11. | (B) | 49. | (D) | 87. | (C) | 125. | (C) |
| 12. | (C) | 50. | (D) | 88. | (A) | 126. | (D) |
| 13. | (D) | 51. | (D) | 89. | (B) | 127. | (D) |
| 14. | (C) | 52. | (A) | 90. | (C) | 128. | (D) |
| 15. | (B) | 53. | (B) | 91. | (B) | 129. | (A) |
| 16. | (B) | 54. | (A) | 92. | (B) | 130. | (D) |
| 17. | (D) | 55. | (B) | 93. | (A) | 131. | (B) |
| 18. | (D) | 56. | (A) | 94. | (D) | 132. | (D) |
| 19. | (A) | 57. | (B) | 95. | (B) | 133. | (B) |
| 20. | (B) | 58. | (D) | 96. | (A) | 134. | (C) |
| 21. | (D) | 59. | (B) | 97. | (B) | 135. | (D) |
| 22. | (B) | 60. | (D) | 98. | (A) | 136. | (B) |
| 23. | (B) | 61. | (C) | 99. | (A) | 137. | (A) |
| 24. | (C) | 62. | (A) | 100. | (D) | 138. | (C) |
| 25. | (D) | 63. | (D) | 101. | (C) | 139. | (D) |
| 26. | (D) | 64. | (A) | 102. | (A) | 140. | (B) |
| 27. | (B) | 65. | (A) | 103. | (C) | 141. | (A) |
| 28. | (C) | 66. | (D) | 104. | (A) | 142. | (A) |
| 29. | (C) | 67. | (C) | 105. | (A) | 143. | (C) |
| 30. | (D) | 68. | (B) | 106. | (B) | 144. | (A) |
| 31. | (D) | 69. | (D) | 107. | (A) | 145. | (B) |
| 32. | (D) | 70. | (B) | 108. | (B) | 146. | (A) |
| 33. | (C) | 71. | (D) | 109. | (C) | 147. | (D) |
| 34. | (B) | 72. | (A) | 110. | (A) | 148. | (B) |
| 35. | (A) | 73. | (D) | 111. | (D) | 149. | (A) |
| 36. | (D) | 74. | (D) | 112. | (C) | 150. | (D) |
| 37. | (C) | 75. | (A) | 113. | (A) | | |
| 38. | (A) | 76. | (D) | 114. | (A) | | |